जयपुर में पंचायतीराज चुनाव में कांग्रेस ने ग्रामीण सत्ता पर पकड़ साबित की

22 पंचायत समितियों में कांग्रेस को 42.81 प्रतिशत, भाजपा को 34.84 प्रतिशत और आरएलपी को 14.09 प्रतिशत वोट मिले

जयपुर। प्रदेश की सत्ता में काबिज भाजपा को ग्रामीण राजनीति में जयपुर जिले के भीतर बड़ा झटका लगा है। पंचायती राज चुनाव के नतीजों ने राजधानी के सियासी समीकरणों को नए सिरे से परिभाषित कर दिया है। जयपुर जिला परिषद में बहुमत हासिल करने के साथ कांग्रेस ने जिले की 22 पंचायत समितियों में से 14 में बोर्ड बनाने की स्थिति हासिल की है। चुनाव परिणामों ने न केवल भाजपा की ग्रामीण क्षेत्रों में पकड़ को लेकर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि कांग्रेस के लिए राजधानी की राजनीति में वापसी का नया रास्ता भी खोला है। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विधानसभा क्षेत्र सांगानेर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने बहुमत हासिल कर भाजपा और कांग्रेस दोनों के सामने अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया है। इस चुनाव की सबसे महत्वपूर्ण बात सीटों के साथ वोटों का अंतर भी है। जयपुर जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से करीब 1.14 लाख वोट अधिक मिले हैं। वहीं 22 पंचायत समितियों के कुल मतों को जोड़ने पर कांग्रेस की भाजपा से बढ़त करीब 1.05 लाख वोट की है। यह अंतर बताता है कि कांग्रेस को केवल कुछ सीटों पर सफलता नहीं मिली, बल्कि जिले के व्यापक ग्रामीण क्षेत्र में उसका जनसमर्थन बढ़ा है।

- 42.81 प्रतिशत वोट के साथ कांग्रेस सबसे आगे, 14.09 प्रतिशत वोट लेकर आरएलपी बनी तीसरी ताकत; अब जिला प्रमुख के चेहरे और पंचायत समितियों में प्रधान बनाने को लेकर सियासी मंथन
- मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र सांगानेर में आरएलपी ने बहुमत हासिल कर भाजपा और कांग्रेस दोनों के सामने अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया
- सांगानेर पंचायत समिति के लगभग सभी वार्ड बगरू विधानसभा क्षेत्र में आते है। पार्टी ने जिले में 14.09 प्रतिशत वोट लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है

वोटों के गणित ने खोली भाजपा की कमजोरी

जयपुर जिले की 22 पंचायत समितियों में कांग्रेस को 42.81 प्रतिशत, भाजपा को 34.84 प्रतिशत और आरएलपी को 14.09 प्रतिशत वोट मिले हैं।

कांग्रेस ने भाजपा से करीब आठ प्रतिशत की बढ़त बनाई है। कुल मतों के लिहाज से कांग्रेस को 5.67 लाख, भाजपा को 4.61 लाख और आरएलपी को 1.86 लाख वोट मिले। चुनाव परिणामों का यह गणित भाजपा के लिए राजनीतिक समीक्षा का विषय है। विधानसभा और लोकसभा चुनावों में पार्टी के पक्ष में रहे ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार मतदाताओं का रुख अलग दिखाई दिया। वहीं कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दों, प्रत्याशियों और ग्रामीण स्तर के राजनीतिक समीकरणों के जरिए अपना आधार मजबूत किया।

सांगानेर में आरएलपी की एंट्री ने बदला मुकाबला

इस चुनाव का सबसे दिलचस्प पहलू हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी का प्रदर्शन रहा। मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र सांगानेर में आरएलपी ने पंचायत समिति में बहुमत हासिल किया। हालांकि सांगानेर पंचायत समिति के लगभग सभी वार्ड बगरू विधानसभा क्षेत्र में आते है। पार्टी ने जिले में 14.09 प्रतिशत वोट लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।आरएलपी का प्रदर्शन केवल सांगानेर तक सीमित नहीं रहा। पंचायत समिति और जिला परिषद चुनावों में पार्टी ने कई क्षेत्रों में प्रभाव दिखाया। इससे जयपुर ग्रामीण की राजनीति में अब कांग्रेस और भाजपा के अलावा तीसरी राजनीतिक ताकत की मौजूदगी भी स्पष्ट हुई है।

राजनीतिक दृष्टि से आरएलपी का यह प्रदर्शन महत्वपूर्ण है, क्योंकि पार्टी ने ऐसे क्षेत्रों में भी अपनी जमीन बनाई है, जहां परंपरागत रूप से भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला माना जाता रहा है।

जिला प्रमुख की कुर्सी पर युवा चेहरे की तलाश

जयपुर जिला परिषद में बहुमत मिलने के बाद अब कांग्रेस के सामने जिला प्रमुख के चयन की चुनौती है। पार्टी में इस पद के लिए नए और युवा चेहरे को आगे लाने पर मंथन चल रहा है।

माना जा रहा है कि जयपुर ग्रामीण के विधायकों और पार्टी के प्रमुख नेताओं से राय-मशविरा करने के बाद नाम तय किया जाएगा।जिला प्रमुख का चुनाव कांग्रेस के लिए केवल पद पर नियुक्ति का मामला नहीं होगा, बल्कि जिले में पार्टी के आगामी राजनीतिक नेतृत्व की दिशा भी तय करेगा। ऐसे में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन, संगठन में सक्रियता तथा निर्वाचित सदस्यों के बीच स्वीकार्यता जैसे पहलुओं को ध्यान में रखा जा सकता है।

चार पंचायत समितियों में जोड़तोड़ का गणित

जिले की सभी पंचायत समितियों में तस्वीर एक जैसी नहीं है। चौमूं और सांभर लेक में भाजपा को बहुमत मिला है, जबकि सांगानेर में आरएलपी ने बहुमत हासिल किया है। अमरसर, जालसू, मौजमाबाद, रामपुरा डाबरी और दूदू सहित जिन समितियों में स्पष्ट बहुमत का गणित नहीं बन पाया है, वहां प्रधान के चुनाव में राजनीतिक समीकरण महत्वपूर्ण होंगे।

कांग्रेस के सामने इस जनसमर्थन को स्थायी राजनीतिक आधार में बदलने की चुनौती होगी। जिला परिषद और पंचायत समितियों में मिली सफलता के बाद पार्टी को अब स्थानीय निकायों में बेहतर तालमेल, विकास कार्यों और संगठनात्मक मजबूती के जरिए अपनी स्थिति बनाए रखनी होगी।

कुल मिलाकर जयपुर के पंचायत चुनावों ने तीन राजनीतिक संकेत दिए हैं। कांग्रेस ने ग्रामीण क्षेत्र में अपनी वापसी दर्ज कराई, भाजपा को अपने मजबूत माने जाने वाले क्षेत्रों में नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत महसूस होगी और आरएलपी ने तीसरी ताकत के रूप में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। अब जिला प्रमुख और प्रधानों के चुनाव इस बदले हुए राजनीतिक समीकरण की अगली परीक्षा होंगे।

पन्ने बेचने के नाम पर बिजनेसमैन भाइयों से 3.74 करोड़ की ठगी

जयपुर। माणक चौक थाना इलाके में बिजनेसमैन भाइयों से 3 करोड़ 74 लाख 40 हजार रुपए के पन्ने हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने करीब डेढ़ साल तक दोस्ती कर उनका विश्वास जीता और फिर विदेश में बड़े ग्राहकों को पन्ने बेचकर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद 1460 कैरेट पन्ने का फिनिश माल लेकर फरार हो गया। पीड़ित भाइयों ने नामजद आरोपी के खिलाफ माणक चौक थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है।

हेड कांस्टेबल अशोक कुमार ने बताया कि रामगंज के मेहरों का रास्ता निवासी साजिद अहमद (48) और मोहम्मद जाकिर (44) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। दोनों का चांदी की टकसाल पर पन्नों की फिनिशिंग का कारखाना है।

- आरोप है कि एक व्यक्ति ने करीब डेढ़ साल तक दोस्ती कर उनका विश्वास जीता और फिर विदेश में बड़े ग्राहकों को पन्ने बेचकर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया

उनकी मुलाकात जोधपुर निवासी मोहम्मद यासिन से हुई थी। यासिन जयपुर के घाटगेट में रहकर मेडिकल की पढ़ाई करने की बात कहता था। पढ़ा-लिखा होने के कारण दोनों भाइयों से उसकी दोस्ती हो गई और वह कारखाने पर आने-जाने लगा। आरोप है कि यासिन ने करीब डेढ़ साल तक उनका विश्वास जीता। अप्रैल 2026 में यासिन ने बैंकॉक और लंदन में बड़े ग्राहकों से परिचय होने की बात कहकर विदेश में पन्ने बेचने पर मोटा मुनाफा दिलाने का लालच दिया। उसकी बातों में आकर भाइयों ने 1460 कैरेट पन्ने का फिनिश माल 26 हजार रुपए प्रति कैरेट की दर से दे दिया। इसकी कुल कीमत 3 करोड़ 74 लाख 40 हजार रुपए थी। आरोपी ने माल लेने के बदले लिखित पर्ची भी दी। आरोप है कि अप्रैल से सितम्बर तक आरोपी विदेश भेजे गए पन्नों की बिक्री का भुगतान आने में समय लगने की बात कहकर टालता रहा। सितम्बर 2026 में जब वह कई दिनों तक कारखाने पर नहीं आया तो भाइयों ने उससे संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला।

श्याम प्राचीन मंदिर में बाबा श्याम का जन्मोत्सव मनाया

जयपुर। रामगंज बाजार स्थित श्याम प्राचीन मंदिर में कृष्ण श्याम सखा ग्रुप की ओर से देवउठनी एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों से आकर्षक रूप से सजाया गया। बाबा श्याम के दर्शन करने और जन्मोत्सव की खुशियों में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

मंदिर महंत पं. लोकेश मिश्र ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह बाबा श्याम का पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद बाबा को नवीन पोशाक धारण कराकर विशेष श्रृंगार किया गया और मनमोहक झांकी सजाई गई। कृष्ण श्याम सखा ग्रुप की अध्यक्ष शालू मिश्रा ने बताया कि बाबा श्याम को छप्पन भोग अर्पित किए गए। इसके बाद 251 दीपकों से महाआरती कर श्रद्धालुओं ने बाबा की आराधना की।

महाआरती के पश्चात भजनामृत सत्संग का आयोजन हुआ। इसमें जयपुर के स्थानीय भजन गायकों ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां देकर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान "माता महलवती के अंगने में श्याम लियो अवतार" और "यो पांडव कुल अवतार बड़ो अलबेलो है" जैसे भजनों की प्रस्तुतियों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु भजनों की स्वर लहरियों पर झूमते नजर आए।

शिक्षिका से दुष्कर्म करने वाला स्कूल ड्राइवर गिरफ्तार

जयपुर। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने निजी स्कूल की शिक्षिका के साथ दुष्कर्म के मामले में उसी स्कूल के ड्राइवर को गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने स्कूल में बच्चों को लाने-ले जाने के दौरान हुई जान-पहचान का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान राघवेन्द्र शर्मा उर्फ राघव (40) निवासी मूल रूप से जिला मुरैना, मध्यप्रदेश, हाल प्रताप एंक्लेव, कल्लावाला, सांगानेर के रूप में हुई है।

थानाधिकारी के अनुसार 11 नवंबर को पीड़िता ने सांगानेर सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पीड़िता निजी स्कूल में शिक्षिका है, जबकि आरोपी उसी स्कूल में बच्चों को घर से स्कूल और वापस छोड़ने के लिए गाड़ी चलाता था। आरोप है कि आरोपी उसे अपनी गाड़ी में सुनसान स्थान पर ले गया और डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया।

अवैध रूप से रह रहे 14 विदेशी नागरिक डिपोर्ट

जयपुर। राजधानी में बिना वैध दस्तावेजों और वीजा नियमों का उल्लंघन कर रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने कार्रवाई तेज कर दी है। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरओ) की निगरानी में चलाए गए विशेष अभियान के तहत 14 विदेशी नागरिकों को पकड़कर उनके मूल देशों में वापस भेज दिया गया है। इस कार्रवाई के साथ ही इस वर्ष अब तक जयपुर से 75 अवैध विदेशी नागरिकों को डिपोर्ट किया जा चुका है।

- इस साल जयपुर से 75 को भेजा देश से बाहर
- फर्जी पासपोर्ट और नेपाल सीमा से घुसपैठ का खुलासा

डिपोर्ट किए गए 14 नागरिकों में थाईलैंड की 11 युवतियां शामिल हैं। इनके अलावा लाओस, नाइजीरिया और केन्या का एक-एक नागरिक भी कार्रवाई की जद में आया है। ये सभी शहर के अलग-अलग इलाकों में बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे थे।

दस्तावेजों की जांच के दौरान सुरक्षा एजेंसियों के सामने कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच में पता चला कि थाईलैंड की दो युवतियों ने अपने पासपोर्ट पर फर्जी आव्रजन मुहर लगवा रखी थी। वे हवाई मार्ग के बजाय नेपाल सीमा के रास्ते चोरी-छिपे भारत में दाखिल हुई थीं। वहीं, नाइजीरिया की एक महिला ने अपनी वास्तविक नागरिकता छिपाने के लिए लाइबेरिया के पासपोर्ट का इस्तेमाल कर भारत में प्रवेश किया था।

डिपोर्ट की प्रक्रिया पूरी करने से पहले सुरक्षा एजेंसियों ने सभी विदेशी नागरिकों से पूछताछ की। इस दौरान कुछ अन्य विदेशी संदिग्धों के नाम भी सामने आए हैं। इनके अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह से जुड़े होने की आशंका है। खुफिया एजेंसियां और पुलिस अब संदिग्धों के ठिकानों तथा पूरे नेटवर्क की कड़ियां खंगाल रही हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए जयपुर सिटी के एफआरओ अधिकारी धर्मेंद्र सागर ने होटल, गेस्ट हाउस, होमस्टे और स्पा संचालकों को सख्त निर्देश जारी किए हैं।

खोया पाया

प्लाट नम्बर-50 करीम नगर माडल कॉलोनी-।।, खो-नागोरियान जयपुर का असल आवंटन पत्र, रसीद एवं नक्शा मेरे ऑफिस से दिनांक 25.10.2026 से नही मिल रहा है जो कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें। मोहम्मद साबिर, 9829131314

मैं मनोज धीर निवासी- 130 Ashok Chowk Adersh Nagar Jaipur से मेरा पर्स रास्ते में किसी सार्वजनिक स्थान पर खो गया है जिसमें मेरा ड्राइविंग लाइसेंस,पहचान पत्र,कुछ नगद राशि भी रखी हुई थी। मिलने पर सूचित करें 9413966198

मेरे प्लाट संख्या ए-125 यूनिक सिटी द्वितीय, ग्राम बगरू खुर्द, तहसील सांगानेर, जयपुर के समस्त मूल JDA पट्टा व अन्य दस्तावेज कही गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें- सूरज प्रकाश चौधरी, शैलेन्द्र गुप्ता (Partner's)-9829404567, SS Contractors & Designers

मेरे प्लॉट संख्या 246, फ्रंटियर कॉलोनी, आदर्श नगर जयपुर का असल पट्टा, साईड प्लान, अलॉटमेंट लेटर, एवं अन्य दस्तावेज कहीं गिर गए हैं। मिलने सूचित करें। मनीष अथैया-9414061000

NAME CHANGE

I have changed my name from Narendra Kumar Dewanito Narendra Dewani S/o Kanhaiyan Lal Dewani for all purpose. Resi.:- 201, Frontier Colony, Adarsh Nagar, Jaipur.

उद्घोषणा इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक)
वाद सं. 21/26 (उत्तराधिकार)
विषय : उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी- नाम रेणु देवी पत्नि स्व. श्री सत्यवीर सिंह
विवाद स्थान ई-47, कृष्णा द्वारिका तृतीय, ग्राम-खातीपुरा-तहतील सांगानेर, जयपुर
मृतक सत्यवीर सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक: 04.12.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम सत्यवीर सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह निवासी-41, बड़ोदिया बस्ती, धर्मशाला के पीछे, स्टेशन रोड, जयपुर ई-47, कृष्णा द्वारिका तृतीय, ग्राम-खातीपुरा, तहसील सांगानेर, जयपुर का का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 04 माह 12 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 7.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
संख्या 10, जयपुर महानगर प्रथम, मुख्यायल, सांगानेर

अधिवक्ता शहनाज़ मिर्ज़ा मो.: 9351801118 अधिवक्ता रजत शर्मा मो.: 8947903748
कार्यालय : चैम्बर नं. E-334, E, ब्लॉक, राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर
सार्वजनिक सूचना दिनांक:18.11.2026
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नवेद मिर्ज़ा उर्फ नवेद बेग अपनी स्वर्गीय माता नसरीन बेगम उर्फ नसरीन जावेद के बैंक खाते की मृत्यु दावा राशि प्राप्त करना चाहते है। उनके दस्तावेज़ों में नाम की वर्तनी में अंतर/त्रुटि है, जिसे बैंक के माध्यम से सुधरवाकर वे दावा राशि प्राप्त करना चाहते हैं।
इस संबंध में किसी को आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर संबंधित बैंक शाखा में उपस्थित होकर आपत्ति एवं साक्ष्य प्रस्तुत करे। अन्यथा कोई आपत्ति न होने पर बैंक नियमानुसार आगे कार्यवाही कर सकता है।
अधिवक्ता शहनाज़ मिर्ज़ा अधिवक्ता रजत शर्मा

नम्बर मिलाइए 8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

'विजन 2047' पोस्टर का विमोचन



स्पीकर देवनानी ने विजन 2047 पोस्टर का विमोचन किया।

जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि बच्चों को संस्कारवान और ज्ञानवान बनाने के लिए उन्हें कर्तव्यों की जानकारी देना आवश्यक है। देवनानी ने बच्चों से कहा कि वे भारतीय ज्ञान परम्परा पर गर्व की अनुभूति करें। गहराई से प्रत्येक बात को समझें। पुरातन भारतीय संस्कृति को आधुनिकता से जोडे। गीता से कर्म की भावना और रामायण से संस्कार सीखे। विकसित भारत 2047 में योगदान देने के लिए बच्चों को नौकरी देने वाला बनना होगा। इस मौके पर स्पीकर देवनानी ने विजन 2047 पोस्टर का अवलोकन किया।

देवनानी ने शुक्रवार को यहां विधान सभा में फ्यूचर सोसायटी और यूनिसेफ के तत्वावधान में विधान सभा सदन, भवन और संग्रहालय को देखने आए जयपुर शहर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों से बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने राजस्थान विधान सभा परिसर का भ्रमण किया और विधानसभा के संग्रहालय का अवलोकन किया। संग्रहालय में प्रदर्शित ऐतिहासिक सामग्री, तस्वीरों और विधानसभा से जुडी महत्वपूर्ण जानकारियों के माध्यम से बच्चों को प्रदेश की संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक इतिहास को करीब से जानने का अवसर मिला।

- फ्यूचर सोसायटी और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में विधान सभा पहुंचे बच्चों ने संग्रहालय का अवलोकन किया

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बच्चों को विधानसभा की कार्यप्रणाली के बारे में बताया कि विधानसभा में जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि प्रदेश के विकास, जनहित और जनसमस्याओं से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हैं। कानून निर्माण, जनहित के मुद्दों पर विचार-विमर्श और सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने में विधानसभा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

41 किलो डोडा छिलका सहित एक तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर ग्रामीण जिले की दूदू थाना पुलिस ने डीएसटी टीम की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 41 किलो 100 ग्राम डोडा छिलका जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी में इस्तेमाल की जा रही सफेद रंग की स्विफ्ट कार भी जब्त की है। फिलहाल आरोपी तस्कर से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि पड़ासोली में डीएसटी टीम से सूचना मिली कि अजमेर से जयपुर की ओर आ रही सफेद स्विफ्ट कार में अवैध मादक पदार्थ रखा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने एनएच-48 पर दांतरी कट के पास नाकाबंदी की। कुछ देर बाद संदिग्ध कार को रुकवा कर तलाशी ली गई। कार की डिग्गी में रखे काले रंग के दो कट्टों से 41 किलो 100 ग्राम डोडा छिलका बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से कार चालक मुकेश कुमार मीणा (20) निवासी इंदिरा कॉलोनी जोबनेर को गिरफ्तार किया । वहीं तस्करी में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट कार भी जब्त की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह डोडा छिलका निंबाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) निवासी सुनील चौधरी से खरीदकर लाया था। इसे जोबनेर निवासी संजयको देना था। पुलिस मामले में मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

ऋण वितरण में राजस्थान देशभर के तीन श्रेष्ठ राज्यों में शामिल

जयपुर। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी पहल एवं पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तीकरण के संकल्प को साकार करने की दिशा में राजस्थान ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत आयोजित विशेष अभियान में ऋण वितरण के लिए राजस्थान ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल हो देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

नई दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित समारोह में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने राजस्थान को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। राज्य की ओर से राज्य मिशन निदेशक प्रतीक जुईकर ने पुरस्कार ग्रहण किया।

प्रदेश में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 2.48 लाख से अधिक पथ विक्रेताओं को 3.30 लाख ऋणों के माध्यम से कुल 482.92 करोड़ का बिना गारंटी ऋण वितरित किया जा चुका है।

- पीएम स्वनिधि योजना के विशेष अभियान में प्रदेश को मिला श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य का पुरस्कार

योजना के माध्यम से शहरी पथ विक्रेताओं को अपना व्यवसाय आगे बढ़ाने, कार्यशील पूंजी की आवश्यकता पूरी करने तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदेश में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, विशेष अभियान के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों तथा शहरी पथ विक्रेताओं तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए किए गए प्रयासों का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार शहरी पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें संस्थागत ऋण सुविधाओं से जोड़ने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सफलता मिलने के बाद कार्यालय में जश्न

जयपुर। चुनाव परिणाम में कांग्रेस पार्टी को शानदार सफलता मिलने के बाद शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जश्न का माहौल देखने को मिला प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई तथा पार्टी कार्यालय के बाहर पटाखे और आतिशबाजी करके पार्टी की जीत को सेलिब्रेट किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, पार्टी के महासचिव स्वर्णिमचतुर्वेदी, विधायक रफीक खान सहित पार्टी के संगठन से जुड़े सभी बड़े नेता चुनाव परिणाम के नतीजे आने के बाद काफी खुश दिखाई दिए।अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश में नगर निकाय के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने पुलिस और जिला प्रशासन के सहयोग से तथा गलत तरीके से परिसीमन करके प्रदेश में अनर्गल तरीके से कई जगहों पर नगर निकाय के अध्यक्ष अपनी पार्टी के बिठा दिए, जबकि नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस को उतने ही वोट मिले थे, जितने भाजपा को लेकिन इसके बावजूद भी केंद्र में बैठे भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं और राजस्थान भाजपा के नेताओं ने नगर निकाय में अपनी पार्टी की जीत को प्रचंड बताया।

कांग्रेस ने तीनों सह प्रभारी हटाए

प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की भी आ सकती है बारी

जयपुर। कांग्रेस पार्टी के दिल्ली दरबार में प्रदेश में पार्टी के तीनों सह प्रभारी हटाकर यह साफ संदेश दिया है कि पार्टी के संगठन में अब वही व्यक्ति पद पर रह सकेगा, जो हाईकमान की उम्मीद पर खरा उतरेगा पार्टी के उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस पार्टी का दिल्ली दरबार प्रदेश में पार्टी के तीनों सह प्रभारी के कामकाज से संतुष्ट नहीं थे, कहीं ना कहीं पार्टी के प्रदेश प्रभारी, पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के साथ भी पार्टी के इन तीनों सह प्रभारी का तालमेल, नियमित संवाद और प्रदेश कांग्रेस के फीडबैक से जुड़ी जानकारी का ठीक तरह से आदान-प्रदान नहीं हो पा रहा था, इसलिए इन तीनों सह प्रभारी ऋतिक मकवाना, चिरंजीव राव और पूनम पासवान से जिम्मेदारी वापस लेना ही पार्टी हाई कमान ने बेहतर समझा अब इन तीनों सह प्रभारी की जगह कांग्रेस हाईकमान ने चार नए पार्टी के सह प्रभारी बनाए गए हैं, जिनमें विश्वविजय सिंह पलक वर्मा, मनोज बागड़ी, और पौरलक खारते को राजस्थान में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि आने वाले दिनों में पार्टी के प्रदेश संगठन में भी बड़े स्तर पर बदलाव हो सकता है, जिसमें पार्टी के प्रदेश प्रभारी को भी बदलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि पार्टी हाई कमान पिछले कुछ महीनो से लगातार राष्ट्रीय स्तर पर भी संगठन में बदलाव कर रहा है, और विभिन्न राज्यों के पार्टी के संगठन में भी बदलाव करता हुआ नजर आ रहा है, इसलिए राजस्थान कांग्रेस में भी संगठन में आने वाले दिनों में कुछ और बदलाव देखने को मिल सकते हैं जानकार लोगों का कहना है कि जिस तरह से राजस्थान में पार्टी के तीनों सह प्रभारी एक साथ हटाए गए हैं, उसके बाद कांग्रेसजनों में ही चर्चा होने लगी है कि या तो कांग्रेस हाई कमान ने अपने विवेक और फीडबैक के आधार पर तीनों सह प्रभारी को हटाया है या फिर हो सकता है पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा इन सह प्रभारी के कामकाज से संतुष्ट नहीं थे, लेकिन कहा यही जा रहा है कि पार्टी हाईकमान भी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन से जुड़े नेताओं के कामकाज पर कड़ी नजर रखता है, और अपने स्तर पर संगठन में बड़े नेताओं की गतिविधियों और उनके कामकाज के बारे में फीडबैक भी लेता रहा है, इसलिए कहीं ना कहीं पार्टी हाई कमान प्रदेश के तीनों सह प्रभारी के कामकाज से संतुष्ट नहीं हो पाए थे, इसीलिए उन्हें जिम्मेदारी से मुक्त किया गया।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 238/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव पुत्र श्री सुलतान मल यादव निवासी ढाणी मेहतावाली, तहसील कोटपूतली जिला कोटपूतली-बहरोड राजस्थान ने सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत संतोष सोशियल वेलफेयर सोसाइटी ग्राम भूरीभडाज तहसील पावटा जिला कोटपूतली-बहरोड राज के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 16.11.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 28.01.27
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि.
गांधी नगर रेल्वे स्टेशन के पास, जयपुर-302015, Tele Fax : 0141-2711075
EPABX :0141-2713666-69, ई-मेल: jaipurdairy@jaipurdairy.com वेबसाइट : www.jaipurdairy.com
ई-निविदा सूचना
1. NIB Code : CDF2627A0939 जयपुर दुग्ध संघ में Purchase of RT-PCR Machine (Web Based Cow and Buffalo Milk Testing Pacage System) हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। 2. NIB Code : CDF2627A0940 जयपुर दुग्ध संघ द्वारा जयपुर डेयरी संयंत्र मे पीने के शुद्ध पानी के टैंकरो की सप्लाई के कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र की शर्तों के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की दिनांक एवं अन्य विस्तृत विवरण वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rasthan.gov.in एवं www.jaipurdairy.com पर उपलब्ध है।
प्रबन्ध संचालक
जीवन में भरे रस, हमारा प्यारा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान
बाबा गंगनाथ मार्ग, मनिरका, नई दिल्ली-110067
एफ.नं.: ए-12037/6/2026-एडमिन 1
रिक्ति अधिसूचना
नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर, एक ऑटोनॉमस इंस्टीट्यूट है जिसे म